जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

हमारा वतन हफ़्त रोज़ा

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 61 अंक-45 | जयपुर, सोमवार, 1 दिसम्बर, 2025 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4



## खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26 में ग्राहकों को मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

**जयपुर (हमारा वतन)**

बजाज नगर जयपुर में राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, जयपुर द्वारा परिसर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन 20 नवम्बर से किया जा रहा है। खादी लवर्स खरीददारी के लिए प्रदर्शनी में पहुँच रहे हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ के मंत्री एवं खादी प्रदर्शनी के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ हुई यह प्रदर्शनी 13 जनवरी 2026 तक संचालित की जाएगी। यह प्रदर्शनी पिछले 15 वर्षों से निरंतर लगाई जा रही है। इस प्रदर्शनी में कुल 220 स्टाल लगाई गयी हैं, जिनमें से 132 स्टॉल खादी व 88 स्टॉल ग्रामोद्योग उत्पाद की हैं। खादी अब युवाओं को रास आ रही है और देश के साथ विदेशों में भी लोकप्रियता बटोर रही है।



इन प्रदर्शनियों से न केवल उत्पादकों को बाजार मिलता है, वहीं उपभोक्ताओं को भी अच्छे उत्पाद के चयन में आसानी होती है। भारत सरकार कतिन, बुनकर व खादी से जुड़े हर हाथ को सुदृढ़ बनाने का हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार की मंशा खादी की लोकप्रियता बढ़ाने व आमजन तक इसकी पहुंच सुलभ करने की है।

प्रदर्शनी में सभी ग्राहकों को प्रांतीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत और पर प्रांतीय खादी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की छूट मिल रही है।

**खादी स्टाल पर-** खादी वस्त्र, ऊनी वस्त्र, पॉलिस्टर वस्त्र,रजाई ,गद्दे ,साड़ी,शर्ट, कुर्ते, पजामे, लेडीज सूट, जेकेट, शाल, कम्बल, टॉवल,दरी, फर्श आदि।

**खादी ग्रामोद्योग स्टाल पर-** तिलकुटा, नारियल तेल, तिल्ली तेल, मूंगफली तेल, सरसों तेल, देशी गुड़, हींग, शैम्पू, चमड़े के उत्पाद, सजावटी सामान, ऑर्गेनिक उत्पाद, नमकीन, सूखे मेवे, चूर्ण, आयुर्वेदिक दवाईयां आदि।



## चौमूँ पंचायत समिति और नवीन ग्राम पंचायतों के गठन से होगा गाँवों का समग्र विकास - रामलाल शर्मा

**चौमूं (हमारा वतन)।** विधानसभा क्षेत्र चौमूँ में नवीन ग्राम पंचायत सृजित होने पर छोटागुढा, दौलतपुरा, बरवाड़ा और निवाणा ग्राम पंचायत को चौमूँ पंचायत समिति में शामिल होने पर ग्रामीणों द्वारा सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर माला एवं साफा पहनाकर आभार व्यक्त किया।

ग़ौरतलब है कि हाल ही में चौमूं विधानसभा में क्षेत्र में 11 नवीन ग्राम पंचायत सृजित और चौमूं को नवीन पंचायत समिति बनाया गया है। अब उपखण्ड चौमूँ में गोविन्दगढ़ और चौमूँ दो पंचायत समिति हो गई हैं।

नवगठित ग्राम पंचायत आष्टी खुर्द - बागड़ो का बास, चेता का बास - बागा का बास, गौरी का बास, स्याऊ, सीतारामपुरा, दौलतपुरा, छोटा गुढ़ा, भोपावास, देवपुरा, जालिम सिंह का बास और बड़कोलाई - भोजलावा बनाई गई है।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने क्षेत्र में नवीन ग्राम पंचायत और चौमूँ को पंचायत समिति बनाये जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चौमूँ को पंचायत समिति और क्षेत्र में 11 नवीन ग्राम पंचायतों के गठन से गांवो का समग्र विकास हो सकेगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। साथ ही उन्होंने कहा कि नए भारत के नए राजस्थान में सुशासन को समर्पित हमारी सरकार जन-जन के कल्याण व उत्थान हेतु वचनबद्ध है। इस अवसर पर भाजपा देहात मण्डल गोविन्दगढ़ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, भगवान सहाय फोजी, भंवर देवंदा, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश कुमावत, श्याम लाल कुमावत, पूर्व प्रार्षद राजेंद्र कुमावत, मनोहर सिंह, शिशुपाल देवंदा, राजपाल सिंह, छीतर सिंह, बनवारी जाट, मन्नालाल घोषल्या, सीताराम रोलानिया, बनवारी शर्मा, मोहन नायक, राजू देवंदा, ताराचंद स्वामी, मूलचंद स्वामी, किशन स्वामी, दामोदर स्वामी, विनोद कुमार, रामस्वरूप, बाबूलाल, सत्यनारायण, मुकेश कुमार, रूपनारायण, मदन सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे।




## एंकर प्रीति सक्सेना के जन्मदिन पर होगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर

**जयपुर (हमारा वतन)**

जयपुर शहर की प्रसिद्ध एंकर प्रीति सक्सेना के जन्मदिन एवं अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर थैलेसीमिया बच्चों के हितार्थ स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

आयोजक प्रीति सक्सेना ने बताया कि रक्तदान महादान है। इसको लेकर 3 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच राजा पार्क, जयपुर स्थित श्री राम मंदिर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही कैंप में आने वालों के लिए निःशुल्क जांच भी की जाएगी जिनमें मैमोग्राफी, पैप स्मीयर टेस्ट,कोलपोस्कोपी, एक्स-रे, सीए-125, पीएसए प्रोस्टेट-स्पेसिफिक एंटीजन,ब्लड शुगर, सीबीसी कंप्लीट ब्लड काउंट, ब्लड प्रेशर,लिपिड प्रोफाइल, बोन डेन्सिटी, फाइब्रोस्कैन, टीएसएच - थायरॉयड-स्टिम्युलेटिंग हॉर्मोन मुख्य हैं।

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ जयपुर

Khadi India



खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2025-26

राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, जयपुर

(राजस्थान की प्रमाणित खादी एवं ग्रामोद्योग संस्थाओं का मध्यवर्ती संगठन)

प्रदर्शनी 20 नवम्बर 2025 से प्रारंभ

प्रवेश निःशुल्क

समय दोपहर 12 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक

पार्किंग निःशुल्क

50% की छूट प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर

पर प्रान्तीय उत्पादित खादी वस्त्रों पर 25% की छूट

प्रदर्शनी स्थल: राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ, बजाज नगर, गांधी नगर रेलवे स्टेशन के सामने, जयपुर

(खादी और ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार, द्वारा प्रसारित)

# सर्व समाज जागृति संघ ने किया तुलसी वितरण के साथ गौ सवामणी का आयोजन

## 25 दिसंबर को तुलसी शोभायात्रा निकालकर मनाया जाएगा तुलसी दिवस





**जयपुर (हमारा वतन)**

सर्व समाज जागृति संघ अध्यक्ष एवं बृजवासी गौ रक्षक सेना के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द शर्मा की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन रोड चौमूं स्थित श्याम मंदिर में देशवासियों द्वारा 25 दिसंबर को तुलसी दिवस के रूप में मनाने के लिए 101 महिलाओं को तुलसी पौधों का वितरण किया गया।

इसके पश्चात् गढ़ गणेश मंदिर स्थित पशुपतिनाथ गौशाला में चौमूं थाना इंचार्ज प्रदीप शर्मा, स्वामी योगेंद्र आचार्य और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य के सानिध्य में गौ सवामणी के रूप में गायों को गुड़,चारा और हरी सब्जियां खिलायी गयी।

इससे पूर्व गौमाता की पूजा अर्चना कर अतिथियों ने गौमाता को चुनरी ओढ़ायी और देश में सुख शांति की कामना की।

सर्व समाज जागृति संघ अध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द शर्मा ने बताया कि जब तक भारत सरकार गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित नहीं कर देती तक तक महीने की हर 25 तारीख को तुलसी वितरण और गौमाता की सेवा जारी रहेगी। आगामी 25 दिसंबर को चौमूं में ही विशाल तुलसी शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इस दौरान शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा, मेघराज शर्मा, कृपाशंकर शर्मा ,एडवोकेट अजय शर्मा, कैलाश तिवारी, हरीश शर्मा, संदीप शर्मा, आचार्य पंडित रामस्वरूप शर्मा, बद्री प्रसाद यादव, पूर्व अध्यक्ष आशीष दुसाद, चंद्र प्रकाश शर्मा, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य रामगोपाल शर्मा, डॉ. राधेश्याम मानावत, नाथू लाल शर्मा, कैलाश चंद शर्मा, संदीप भातरा, मुकेश खुटेटा, मुकेश कुमावत, बसंत लालानी, बाबूलाल जागिड़, कमल मीना, श्याम लालानी, ओमप्रकाश बागड़ा, कैलाश बोहरा, श्याम शर्मा सहित कई गौ सेवक मौजूद रहे।



## राजकुमार शर्मा बने जयपुर ग्रामीण पूर्व देहात पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)**। चौमूं तहसील के ग्राम जाटावाली निवासी राजकुमार शर्मा को जयपुर ग्रामीण (पूर्व) देहात पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील पारीक द्वारा राजकुमार शर्मा को पर्यावरण संरक्षण प्रकोष्ठ का जयपुर ग्रामीण देहात (पूर्व) का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

राजकुमार शर्मा ने इसके लिए पार्टी की शीर्ष नेतृत्व एवं जयपुर ग्रामीण क्षेत्र के समस्त कांग्रेस पार्टी के विधायकगण, सांसद प्रत्याशीगण एवं समस्त कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

## महात्मा ज्योतिराव फुले को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**जयपुर (हमारा वतन)**। महात्मा ज्योतिराव फुले विकास संस्थान चौमूं के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम अध्यक्ष अनिल कुमार सैनी की अध्यक्षता में सैनी समाज सभा भवन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौमूं नगर परिषद के सभापति विष्णु कुमार सैनी रहे। इस अवसर पर सभापति ने महात्मा ज्योतिराव फुले के चरित्र पर प्रकाश डाला। संस्थान संरक्षक ने भी अपने विचार रखे तथा महात्मा को उनके योगदान के लिए याद किया। संस्थान के कोषाध्यक्ष रामचंद्र तंवर ने महात्माजी के जीवन पर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष ने सभी आगंतुकों को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर माली विकास समिति अध्यक्ष हीरा लाल पांच्या, मंत्री मदन लाल मालेरिया, उपाध्यक्ष माया सांखला, भवन निर्माण समिति अध्यक्ष जय नारायण चांदोलिया, ओम भगत, अर्जुन लाल सिंगोदिया, राज कुमार कांकरवाल, पूरण करवा, सूरज करवा, रामेश्वर लाल चांदोलिया, मोहन लाल सिंगोदिया, राजेंद्र पार्षद, डॉक्टर मान प्रकाश तंवर, सूरज मल तंवर, प्रभाती लाल तंवर, घीसा लाल तंवर, मनोज तंवर, मुकेश तंवर, बाबू लाल अधोप्या, बाबू लाल बीजवाड़िया आदि उपस्थित रहे।




## राहुल शर्मा को मिली बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी की डिग्री

**जयपुर (हमारा वतन)**। शिक्षा और सफलता की नई मिसाल पेश करते हुए केरली की ढाणी, ग्राम घिनोई, तहसील चौमूं, जिला जयपुर निवासी राहुल कुमार शर्मा पुत्र लालचंद शर्मा - राजू देवी ने प्रतिष्ठित BDS (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी) की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

राहुल शर्मा ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर लगन के साथ यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों और क्षेत्र के लोगों में हर्ष की लहर है। उल्लेखनीय है कि राहुल शर्मा ऑल इंडिया डेंटल सर्जन एसोसिएशन (AIDSA) के वाइस प्रेसिडेंट के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और दंत स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता और सेवाभाव के लिए जाने जाते हैं। डॉ.राहुल शर्मा ने कहा कि 'यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि मेरे माता-पिता, गुरुओं और उन सभी लोगों की है जिन्होंने मुझे प्रेरणा, सहयोग और आशीर्वाद दिया। मेरा लक्ष्य समाज की सेवा करना, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हर व्यक्ति को आधुनिक व गुणवत्तापूर्ण दंत चिकित्सा उपलब्ध कराना है।'

## कनिष्ठ सहायक ने सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय जयपुर में किया कार्यभार ग्रहण

**जयपुर (हमारा वतन)**। सूचना एवं जनसम्पर्क कार्यालय, जयपुर में नवनियुक्त कनिष्ठ सहायक मोहन लाल शर्मा ने कार्यालय के कनिष्ठ सहायक के रिक्त पद पर कार्यभार ग्रहण किया।



राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा आयोजित लिपिक ग्रेड-सेकंड एवं कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा-2024 में सफल होने पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आदेशों की अनुपालना में उन्हें यहां पदस्थापित किया गया है। नवनियुक्त कर्मचारी को उप निदेशक हेमन्त सिंह, सहायक लेखाधिकारी-प्रथम राजेश भीमवाल, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जितेन्द्र कुमार कसाना, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी नरेन्द्र सिंह शेखावत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी विकाश हल्दुनिया, होमगार्ड आनन्द परसोया, कम्प्यूटर ऑपरेटर अनिल सैनी व मीना गुर्जर ने शुभकामनाएं दी हैं।

## माओवाद के खात्मे के लिए बन रही अंतिम रणनीति-मोदी

**रायपुर (हमारा वतन)**। रायपुर के चल रहे DGP-IG Conference के दूसरे दिन प्रधानमंत्री मोदी की मौजूदगी में वामपंथी उग्रवाद, आतंकवाद-निरोध, आपदा प्रबंधन, महिला सुरक्षा और पुलिसिंग में एआई व फोरेंसिक तकनीक के उपयोग जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवा रायपुर में आयोजित 60वीं डीजीपी-आईजी कान्फ्रेंस (DGP-IG Conference) के दूसरे दिन कहा कि देश की सुरक्षा हर नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने पुलिस बलों को आधुनिक तकनीक, डेटा-ड्रिवन माडल और एआई आधारित समाधानों को अपनाने की सलाह दी, जिससे सुरक्षा प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

पीएम मोदी ने पुलिस बलों की सेवाओं, समर्पण और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उनके कार्यों की सराहना की। इस सम्मेलन का आयोजन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में किया गया है, जहां पीएम मोदी ने पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए डिजिटल टूल्स के उपयोग और राज्यों के बीच साझा रणनीति की आवश्यकता पर जोर दिया।






## जॉब्स

1. आरआरबी, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 2569, अंतिम तिथि 10 दिसंबर 2025
2. रेलवे रिक्रूटमेंट सेल, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 4116, अंतिम तिथि 24 दिसंबर 2025
3. उत्तर प्रदेश पुलिस रिक्रूटमेंट, पद होमगार्ड, पद संख्या 41424, अंतिम तिथि 17 दिसंबर 2025
4. इंटेलिजेंस ब्यूरो, पद एमटीएस, पद संख्या 362, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2025
5. इंडियन एयर फोर्स, पद एएफसीएटी, पद संख्या 340, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2025
6. राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड पद जेएसओ, जेपीसी, पद संख्या 100, अंतिम तिथि 16 दिसंबर 2025
7. उत्तर प्रदेश आंगनबाड़ी भर्ती, पद सहायक/ हेल्पर, पद संख्या 53289, अंतिम तिथि 14 दिसंबर 2025
8. केंद्रीय विद्यालय संगठन और नवोदय विद्यालय समिति, पद टीचिंग और नॉन टीचिंग पोस्ट, पद संख्या 14967, अंतिम तिथि 4 दिसंबर 2025

# हर खुजली सिर्फ ड्राईनेस नहीं, पहचानिए त्वचा पर होने वाली ये समस्याएं

त्वचा का रूखापन सर्दियों के कारण होता है पर कई बार यह खुजली किसी गंभीर एलर्जी का भी संकेत हो सकती है। इन्हें पहचान कर ही इनका इलाज संभव है।केवल सर्दियों में ही नहीं, त्वचा पर होने वाली समस्याओं का सामना आपको किसी भी मौसम में करना पड़ सकता है। यह ज्यादातर बैक्टीरियल इंफेक्शन के कारण होता है। मगर इंफेक्शन भी कई प्रकार के हो सकते हैं। इसलिए सिर्फ खुजलाने या मॉइश्चराइज लगाने की गलती न करें। यहां हम त्वचा पर होने वाली उन 6 समस्याओं के बारे में बता रहे हैं, जो आपको परेशान कर सकती हैं। इन्हें पचानिए और सही इलाज की ओर बढ़िए।



**1 बैक्टीरियल इंफेक्शन**–बैक्टीरियल इंफेक्शन छोटे से शुरू होकर बड़ा रूप ले सकते है। यह स्थिति को इतना खराब कर सकता हैं कि फिर इसका इलाज होना मुश्किल हो जाता है। त्वचा विशेषज्ञ मार्क एंड कंपनी के अनुसार बैक्टीरियल इंफेक्शन कीड़े के काटने या त्वचा पर अन्य बैक्टीरिया के कारण हो जाता है। जो धीरे-धीरे पूरे शरीर में फैलने लगता है। यदि बैक्टीरियल इंफेक्शन शुरुआत में ही पहचान लिया जाए, तो एंटीबैक्टीरियल या एंटीबायोटिक क्रीम लगाकर इसका उपचार किया जा सकता है। लेकिन यदि यह शरीर के ज्यादा हिस्से को प्रभावित कर देता है, तो एंटीबायोटिक दवाइयां लेने और डॉक्टर से परामर्श करना जरूरी है। विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार एंटीबायोटिक दवाइयों के अति प्रयोग ने बैक्टीरिया को सुपर स्ट्रेन बना दिया है। जिन पर एंटीबायोटिक दवाएं कम प्रभाव डालती हैं। इसलिए किसी भी दवा को लेने से पहले विशेषज्ञ से परामर्श अवश्य करें।

**2 फंगल इन्फेक्शन** –त्वचा पर होने वाले फंगल इंफेक्शन के दौरान खुजली लाल चकत्ते, दाग व जलन की संभावनाएं होती हैं। यह सभी समस्याएं टिनिया परिवार से संबंधित है। इसमें फंगस भी शामिल है जो गर्म, नरम क्षेत्रों में पनपता है। जैसे कि कमर,पैर की उंगलियां और अंडरआर्म्स। मिशिगन विश्वविद्यालय के एक प्रोफेसर का मानना है कि शरीर के गर्म स्थान और नरम क्षेत्र फंगल इंफेक्शन को पनपने के लिए उचित वातावरण देते हैं।

**3 पित्ती** –यह समस्या आपको कभी ना कभी जरूर झेलनी पड़ी होगी। यह एक सामान्य त्वचा की स्थिति है इसमें स्किन फूल जाती है और दाने जैसे निशान बनने लगते हैं, जो बहुत ज्यादा खुजली करते हैं। ज्यादा खुजाने से कई बार यह छिल सकते हैं ।और इनमें से खून भी आ सकता है। ऐसा ज्यादातर एलर्जी के कारण होता है। इस समस्या को ट्रिगर करने में कुछ खाद्य पदार्थ समेत सर्दी-गर्मी व दवाइयां शामिल हैं। अमेरिकी कॉलेज ऑफ एलर्जी, अस्थमा और इम्यूनोलॉजी के अनुसार इसके जेनेटिक कारण भी हो सकते हैं।


**4 एक्जिमा**– एग्जिमा जिसे एटोपिक डरमैटिटिस के नाम से भी जाना जाता है। यह कभी-कभी छोटे खुजली वाले रैशेज का कारण बन जाते हैं। इनमें से पानी निकलता है। जो जहां-जहां लगता है फैलने की संभावनाएं बढ़ जाती है। हालांकि इस बात की कोई स्पष्ट प्रमाण नहीं है कि यह कितने लंबे वक्त तक त्वचा पर टिकता है। इसमें जीन भी अपनी भूमिका निभाते हैं। डॉक्टर इस स्थिति को कम करने के लिए क्रीम, गोलियों और इंजेक्शन की सलाह देते हैं। इसके अलावा आप त्वचा को नम रखने या कुछ साबुन जैसी चीजों से बचें। बचाव आपकी मदद कर सकते हैं।



**5 कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस**– कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस भी एक प्रकार का एक्जिमा, जो एलर्जी के कारण ही होता है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजी एसोसिएशन की एक रिपोर्ट के अनुसार कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस एक अलग प्रकार का एक्जिमा है, जो शारीरिक रूप से किसी ऐसी चीज को छूने से शुरू होता है जिससे एलर्जी होती है। एएडी के अनुसार, तीव्र खुजली, द्रव से भरे फफोले के साथ दाने हो जाते हैं।

**6 सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस**– फ़ार्मेसी एंड थेरेप्यूटिक्स में प्रकाशित शोध के अनुसार, डैंड्रफ़ की तरह, सेबोरहाइक डर्मेटाइटिस एक फंगस है जो आमतौर पर सर, चेहरे, ऊपरी छाती और पीठ जैसे तैलीय क्षेत्रों में होता है। अध्ययन में कहा गया है कि यह बेहद सामान्य है जो लगभग 12 प्रतिशत आबादी और 70 प्रतिशत शिशुओं को प्रभावित करता है।

# बॉलीवुड चटकारा




## गिरिजा ओक

### एक घंटा बिताने की क्या कीमत है? एक्ट्रेस ने बताया लोग करते हैं कैसे-कैसे मैसेज



गिरिजा ओक बीते कुछ समय से चर्चा में हैं। रीसेंटली एक इंटरव्यू के वीडियोज वायरल होने के बाद वह रातोंरात सनसनी बन गईं। लोग उन्हें नैशनल क्रश बुलाने लगे। इतना ही नहीं गिरिजा का डीएम अच्छे-बुरे कई तरह के मैसेजज से भर गया। लोगों ने अश्लील बातें भी लिखीं जिसके बाद उन्हें एक लाइव भी करना पड़ा। गिरिजा हिंदी, मराठी फिल्में और सीरियल्स कर चुकी हैं। उन्होंने तारे जमीन पर, शोर इन द सिटी, जवान, कला जैसी फिल्मों में काम किया है। अब फिर से अचानक लाइमलाइट में आने पर उन्होंने बात की है।

**लोग कर रहे हैं गंदे मैसेज**–गिरिजा ओक एक इंटरव्यू के बाद इस कदर वायरल हुईं कि लोग उन्हें नैशनल क्रश बुलाने लगे। अब लल्लन टॉप को दिए एक नए इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में बात की। गिरिजा बोलीं, कोई पूछे कि कुछ बदलाव हुआ। मैंने कहा नहीं, मुझे कोई ज्यादा काम के ऑफर नहीं मिलने लगे। गिरिजा ने वायरल होने के नेगेटिव इफेक्ट्स बताए। बोलीं कि लोग उन्हें बहुत घटिया मैसेज कर रहे हैं। गिरिजा बताती हैं, कोई बोलता है, मैं तुम्हारे लिए कुछ भी कर सकता हूं, बस एक मौका दो। किसी ने मेरे रेट तक पूछे कि एक घंटा बिताने की कीमत क्या है। कई ऐसे मैसेज हैं। अगर ये लोग हकीकत में मेरे सामने होंगे तो नजर उठाकर देख भी नहीं पाएंगे। पर्दे के पीछे लोग कुछ भी बोलते हैं। सामने से प्यार और सम्मान देते हैं।


**क्यों वायरल हुी थीं गिरिजा ओक**–बीते दिनों गिरिजा ओक की नीली साड़ी में एक तस्वीर वायरल हुई। यह तस्वीर उनके एक इंटरव्यू की थी। गिरिजा X पर ट्रेंड कर रही थीं और हर कोई जानना चाह रहा था कि वह कौन हैं। लोग उनका नाम और इंस्टाग्राम खोज रहे थे। गिरिजा ने वाइट स्लीवलेस ब्लाउज, आसमानी साड़ी पहनी थी। बाल खुले थे और छोटी सी बिंदी लगाए थीं। उनकी इस तस्वीर पर बहुत से लाइक्स थे। इसके बाद गिरिजा की तस्वीरें एआई से छेड़छाड़ करके सर्कुलेट की जानें लगीं। इससे परेशान गिरिजा को लाइव आकर लोगों से ऐसा ना करने की अपील की थी।

## एयरपोर्ट पर रूमर्ड बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता के साथ दिखीं मलाइका अरोड़ा, एक ही कार में निकले दोनों



बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा एक बार फिर अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद से एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को काफी प्राइवेट रख रही थीं, लेकिन पिछले कुछ समय से उनके नए अफेयर की खबर सामने आई थी। बताया गया था कि मलाइका की जिंदगी में एक 33 साल के शख्स की एंट्री हुई है। मुंबई में हुए एनरिक इग्लेसियस के कॉन्सर्ट में उन्हें इस शख्स के साथ देखा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक ये डायमंड बिजनेसमैन हर्ष मेहता है। इसी कॉन्सर्ट के बाद से दोनों की डेटिंग की खबर सामने आ रही हैं। अब दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर अलग देखे गए। **मलाइका आर हर्ष**–मलाइका अरोड़ा और उनके रूमर्ड बॉयफ्रेंड हर्ष मेहता को एयरपोर्ट पर साथ स्पॉट किया गया। हालांकि दोनों ने मीडिया के सामने एक साथ नजर आने से पूरी तरह बचने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि बुधवार दोपहर को मलाइका और हर्ष एक ही टर्मिनल से बाहर निकले, लेकिन दूरी बनाकर चलते हुए। मलाइका आगे थीं जबकि हर्ष कैजुअल आउटफिट और मास्क में उनके पीछे-पीछे बाहर आए। पार्किंग एरिया में जाकर दोनों एक ही कार में बैठते नजर आए। मलाइका पहले कार में बैठीं और कुछ ही सेकंड बाद हर्ष मेहता भी उसी कार में जाते दिखे। इससे एक बार फिर दोनों के रिश्ते चर्चा हो रही है। **अर्जुन से ब्रेकअप**–अरबाज के साथ तलाक के बाद मलाइका एक्टर अर्जुन कपूर को डेट कर रही थीं। दोनों को कई मौकों पर एक दूसरे के साथ देखा गया।

## राखी सावंत बोलीं उर्वशी उन्हें करती हैं कॉपी



राखी सावंत को उनकी अतरंगी हरकतों और बातों के लिए जाना जाता है। वो इंडस्ट्री में अपनी बातों को बेबाकी से रखने के लिए जानी जाती हैं। कई मौकों पर राखी सावंत उर्वशी रौतेला को लेकर बात कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने कहा था कि उनकी तुलना उर्वशी रौतेला से न की जाए। अब एक इंटरव्यू में राखी सावंत ने कहा कि उर्वशी रौतेला उन्हें कॉपी करने की कोशिश करती हैं। उन्होंने उर्वशी रौतेला की सर्जरी को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा कि उर्वशी कहती हैं कि उन्होंने सर्जरी नहीं करवाई है, लेकिन उनकी पहली की तस्वीरें और अब की फोजोज देखो।

**राखी बोलीं– दीपिका से करो उनकी तुलना**– खास बातचीत में राखी सावंत ने कहा कि उन्हें उर्वशी से कोई प्रॉब्लम नहीं है, लेकिन मैं क्यों उन लोगों से अपनी तुलना करवाउं। उन्होंने कहा कि उनकी तुलना दीपिका पादुकोण से करो, करीना से करो। बड़ी-बड़ी अच्छी स्टाइलिश लोगों से उनकी तुलना करो।

**उर्वशी को बताया फेंकू नंबर 1**–इसके बाद राखी से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि उर्वशी अपने इंटरव्यूज में बहुत फेंकती हैं? इसपर राखी सावंत ने कहा, वो फेंकू नंबर 1 है। मेरा ये ड्रेस इतने का है, अरे भाई, तुम्हारे सारे ड्रेस देखो। ऐसा लगता है कि सब चमकी-चमकी ड्रेस...लोखंडवाला से तुम लेकर आती हो। राखी ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि उनकी कुछ ड्रेसेज बहुत प्यारी होती हैं। वो बहुत टैलेंटेड हैं। बहुत अच्छी डांसर हैं, बहुत खूबसूरत है। राखी ने कहा कि उर्वशी उन्हें ही कॉपी करती हैं।

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# अनगिनत हैं बीएसएफ की उपलब्धियां

बीएसएफ ने दुश्मन की गतिविधियों पर निगरानी रखी, खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराई, घुसपैठ रोकने में भूमिका निभाई और सीमावर्ती इलाकों के नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जब हम चैन की नींद सोते हैं, उस समय देश के हमारे पैरामिलिट्री रक्षक रात-दिन पूरी मुस्तैदी से सीमाओं की रक्षा कर रहे होते हैं। इन रक्षकों में एक है बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ), जिसकी 1965 के भारत-पकिस्तान युद्ध के दौरान प्राप्त अनुभवों व देश की सीमाओं की रक्षा को और भी अधिक दृढ़ करने के लिए 01 दिसंबर 1965 में स्थापना की गई। बीएसएफ के प्रथम प्रमुख और संस्थापक के एफ रुस्तम (आईपीएस) थे। वर्तमान में महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी (आईपीएस) हैं। बीएसएफ प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय के प्रशासनिक


राम गोपाल सैनी

नियंत्रण में काम करता है। बीएसएफ 6726 किलोमीटर सीमा की सुरक्षा करता है जिसमें 2290 किलोमीटर भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा और 339 किलोमीटर नियंत्रण रेखा (एलओसी) के अलावा बांग्लादेश के साथ 4097 किलोमीटर सीमा है जो दुर्गम रेगिस्तान, नदी घाटियों और हिमाच्छादित प्रदेशों तक फैली हुई है, जहां बल के बहादुर जांबाज सीमा प्रहरी कठिन भौगोलिक स्थिति और विषम परिस्थितियों के बावजूद पूरी मुस्तैदी से देश की सीमाओं की रक्षा रात-दिन लगातार कर रहे होते हैं।बीएसएफ एकमात्र ऐसा बल है जिसकी अपनी ही एयर विंग, समुद्री विंग, तोपखाना रेजिमेंट है। इसके अलावा टियर स्मोक यूनिट्स हैं, जो आंसू गैस के हथियारों का उत्पादन करती है, जो अपने देश के साथ अन्य देशों को भी आंसू गैस हथियारों का निर्यात करते हैं। बीएसएफ में ऊंटों, श्वानों और घोड़ों की ट्रेनिंग के लिए भी अलग-अलग प्रशिक्षण केंद्र हैं। बीएसएफ का आदर्श वाक्य 'मृत्यु तक कर्तव्य' (जीवनपर्यन्त कर्तव्य) है। यह वाक्य इस बात पर जोर देता है 'बल के प्रहरी राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपने जीवन की जोखिम परिस्थितियों में भी अपना कर्तव्य पूरा करेंगे।' बीएसएफ सशस्त्र पुलिस बल और भारत संघ का एक सशस्त्र बल है जिसकी स्थापना अपने स्वयं के अधिनियम के तहत की गई है। बल का बहुत ही गौरवशाली इतिहास रहा है। 1971 के भारत-पकिस्तान युद्ध में बीएसएफ ने भारतीय सेना के साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ समापन

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में 10 दिवसीय राष्ट्रीय पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का समापन समापन हुआ। संयोजक डॉक्टर अशोक पाल सिंह ने बताया कि यह जागरूकता कार्यक्रम 19 नवंबर से 28 नवंबर तक चलाया गया।

जन जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम संयोजक और शिक्षक डॉ. अशोक पाल सिंह द्वारा वृक्षारोपण, संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त भारत, नशा मुक्त भारत जीवन शैली, कूड़ा कचरा निवारण, भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित संस्कृति एवं संस्कार, मेरा पेड़ मेरी पहचान आदि को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।




कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर कमलकांत बरुआ, सुधीर सैनी, पिंकी, आरती, आफरीन, खुशी, अपूर्वा, लविश, ऋतिक ,अदनान, शिवा, शहबान, वसीम, अर्सलान, राखी, सोमवती सहित कई लोगों ने भाग लिया।



# यूईएम जयपुर में AICTE उत्तर पश्चिमी क्षेत्रीय UHV बैठक

**जयपुर (हमारा वतन)।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) की यूनिवर्सल ह्यूमन वैल्यूज़ (UHV) समन्वयकों की वार्षिक उत्तर पश्चिमी क्षेत्रीय बैठक का उद्घाटन यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर में बड़े उत्साह के साथ किया गया।

इस महत्वपूर्ण तीन-दिवसीय कार्यक्रम में उत्तर पश्चिमी क्षेत्र के 50 विश्वविद्यालयों से 70 से अधिक प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक भाग लिया, जिनमें राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के विश्वविद्यालय शामिल थे।

मुख्य अतिथि स्वामी सुमेधानंद सरस्वती तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर एच. डी. चारण और राजुल अस्थाना समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शोभा बढ़ाई। यूईएम जयपुर के कुलपति प्रोफेसर बिस्वजॉय चटर्जी ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने मूल्य-केंद्रित और समग्र शैक्षिक वातावरण को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

इस आयोजन के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा यह हुई कि यूईएम जयपुर को भविष्य की AICTE-UHV बैठकों के लिए सशक्त नोडल केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। यह विशिष्टता मूल्य-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने और लागू करने में संस्थान के बढ़ते नेतृत्व को दर्शाती है।

आयोजन को भव्य सफलता दिलाने के लिए आयोजन समिति के अथक प्रयासों और समर्पण की व्यापक रूप से सराहना की गई, जिसमें डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा, डॉ. कुमार संभव, डॉ. बी. के. शर्मा, डॉ. पीयूष शर्मा, डॉ. जितेंद्र नरूला, डॉ. चरणदीप मदान, डॉ. मुकेश यादव, प्रोफेसर दीप्ता मुखर्जी, डॉ. स्नेहलता ढाका और डॉ. शिवम चौहान शामिल थे।

# श्रीरामदेव पुजारी परिषद के जयपुर जिला संयोजक बने महंत रामफूल दास महाराज

**चौमूं (हमारा वतन)।** चौमूं चंदवाजी स्टेट हाईवे स्थित सर्व सिद्धेश्वर मालेरा धाम के गादीपति महंत रामफूल दास महाराज को रामदेवरा, जैसलमेर स्थित श्रीरामदेव पुजारी परिषद के राष्ट्रीय संयोजक अमर सिंह तंवर ने राजस्थान की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जयपुर जिला संयोजक नियुक्त किया है।



महंत रामफूल दास महाराज को जयपुर जिले में बाबा के सभी मंदिरों को संगठन से जोड़ने, विधि सम्मत पूजा अर्चना करने, बाबा का प्रमाणित इतिहास घर-घर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है।




# सेठ सांवरिया सेवा संस्थान ने जरुरतमंदों को किया कम्बल वितरण

**जयपुर (हमारा वतन)।** सेठ सांवरिया सेवा संस्थान चौमूं की और से सर्दी के मौसम में जरुरतमंदों को कम्बल वितरण किया गया। रविवार को महाकम्बल वितरण अभियान के तहत रेलवे स्टेशन चौमूं के बाहर अस्थाई रूप से रोड पर रह रहे जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण की गई।




संस्थान के अध्यक्ष यश सैन ने बताया कि इस अभियान के तहत हर रविवार को कम्बल वितरण किया जाएगा। हमारे संस्थान द्वारा आस-पास के क्षेत्र में 2100 कम्बल बांटने का लक्ष्य रखा गया है।

कम्बल वितरण के दौरान विवेक शर्मा, रोशन शर्मा, पार्थ शर्मा, सारांश सैनी, राजवीर सैनी, यश शर्मा, प्रखर जांगिड़, लक्ष्य टेलर, पुनीत गोयल, जिगर मित्तल, आकाश पारीक, अजय गोरा, मयंक सैन, विशाल शर्मा, संयम अग्रवाल, अर्पित यादव, जयेश बजाज ,सूरज मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।